प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 28.10.2025**

**मुख्य समाचारः—**

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के कार्यक्षेत्र को मंजूरी दी।
- छत्तीसगढ़ में एसआईआर टू के तहत किया जाएगा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण—मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जारी किया कार्यक्रम।
- छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने भारतमाला परियोजना घोटाला मामले में आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज की।
- चक्रवाती तूफान मोन्था के असर से दक्षिण छत्तीसगढ़ के सुकमा, बीजापुर और बस्तर जिलों में भारी से अति भारी बारिश होने की चेतावनी।

**कैबिनेट—निर्णय**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के कार्यक्षेत्र को मंजूरी दे दी है। आज नई दिल्ली में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि आयोग अपने गठन की तिथि से अट्ठारह महीनों के भीतर अपनी सिफारिशें देगा। उन्होंने बताया कि आयोग में एक अध्यक्ष, एक अंशकालिक सदस्य और एक सदस्य—सचिव होंगे।

मंत्रिमंडल ने चालू रबी सीजन के लिए फॉस्फेटिक और पोटाशिक उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को भी स्वीकृति दे दी है। श्री वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने रबी सीजन के लिए लगभग सैंतीस हजार नौ सौ बावन करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दी है, जो एक अक्तूबर से लागू मानी जाएंगी। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को सब्सिडी वाले, किफायती और उचित मूल्यों पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

## प्रधानमंत्री–विकसित भारत क्विज

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के युवाओं से विकसित भारत क्विज़ कॉम्पटीशन में भाग लेने का आग्रह किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि दूसरा विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद देश के युवाओं के लिए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का शानदार अवसर है। लोग इस महीने की इकतीस तारीख तक क्विज़ में भाग ले सकते हैं। विकसित भारत क्विज़ कॉम्पटीशन अगले साल दस से बारह जनवरी तक आयोजित किया जाएगा।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–पत्रकारवार्ता

छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर टू के तहत किया जाएगा। आज रायपुर में एक पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार ने बताया कि मुद्रण और प्रशिक्षण अट्ठाईस अक्टूबर से तीन नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। बीएलओ द्वारा चार नवंबर से चार दिसंबर तक घर–घर जाकर गणना की जाएगी। साथ ही प्रत्येक मतदाता से गणना प्रपत्र भरवाया जाएगा। मतदाता सूची का प्रकाशन नौ दिसंबर को किया जाएगा। दावे और आपत्ति नौ दिसंबर से आठ जनवरी तक लिए जाएंगे। सुनवाई और सत्यापन नौ दिसंबर से इकतीस जनवरी तक किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन सात फरवरी को किया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि यदि गणना प्रपत्र में दिए गए पिछले एसआईआर निर्वाचन नामावली के विवरण उपलब्ध नहीं है या डेटा बेस से मेल नहीं खाता है, तो निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी ऐसे मतदाताओं को नोटिस जारी करेंगे। नोटिस प्राप्त होने के बाद मतदाताओं को तेरह दस्तावेजों जैसे – पासपोर्ट, जन्म प्रमाण पत्र, अस्थायी निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र में से कोई एक दस्तावेज जमा करने होंगे। यदि पिछले एसआईआर में मतदाता के निर्वाचक नामावली के विवरण उपलब्ध है, तो किसी भी प्रकार के दस्तावेज की जरूरत नहीं है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाताओं से विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि एसआईआर प्रक्रिया एक अच्छा कदम है और हम चुनाव आयोग के फैसले का स्वागत करते हैं।

<u>हाईकोर्ट–भारतमाला परियोजना</u>

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने रायपुर–विशाखापट्टनम के बीच भारतमाला परियोजना के तहत बनाई जा रही सड़क निर्माण में घोटाले के आरोपी राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। आरोपियों ने आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू और एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी द्वारा दर्ज प्रकरण में जमानत याचिका दायर की थी।

मुख्य न्यायाधीश रमेश चन्द्र सिन्हा की पीठ ने आज तत्कालीन एसडीएम निर्भय साहू, लेखराम देवांगन, लखेश्वर प्रसाद किरन, शशिकांत कुर्रे, डी.एस. उइके, रौशन लाल वर्मा और दीपक देव की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई की। जांच एजेंसी की ओर से डिप्टी एजी डॉक्टर सौरभ कुमार पांडेय ने पैरवी की।

गौरतलब है कि पिछले दिनों ईओडब्ल्यू–एसीबी ने इस मामले में विशेष अदालत में आठ हजार पन्नों का चालान पेश किया था। इसमें करीब पैंतीस करोड़ रूपए मुआवजा घोटाले का आरोप लगाया गया है।

## चक्रवाती तूफान मोन्था

चक्रवाती तूफान मोन्था पिछले छह घंटों में उत्तर–पश्चिम दिशा में आगे बढ़ गया है। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर आर.के. जेनामणि ने बताया कि चक्रवाती तूफान मोन्था आंध्रप्रदेश के तट की ओर तेज़ी से बढ़ रहा है और आज शाम तक आंध्रप्रदेश के काकीनाडा के पास इसके पहुंचने की उम्मीद है।

इस तूफान के असर से दक्षिण छत्तीसगढ़ के सुकमा, बीजापुर और बस्तर जिलों में भारी से अति भारी बारिश होने की चेतावनी दी गई है। वहीं, सुकमा और बीजापुर में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट भी घोषित किया गया है। बारिश के साथ ही हवा की गति भी तेज रहेगी। मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री वाणी ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि छत्तीसगढ़ में भी इस तूफान का असर पड़ेगा।

वहीं, हमारे बस्तर संवाददाता संतोष वर्मा ने बताया कि आज सुबह से जगदलपुर में बादल छाए हुए हैं और तेज हवाएं चल रही हैं। सुबह हल्की बौछारे पड़ी और शाम को बारिश हुई। इस बारिश से किसान बहुत अधिक चिंतित है। धान की खड़ी फसल पर इसका बुरा प्रभाव पड़ेगा।

चक्रवाती तूफान मोंथा के कारण बिलासपुर–तिरुपति एक्सप्रेस को सात घंटे री–शेड्यूल किया गया है। यह गाड़ी आज बिलासपुर स्टेशन से रात साढ़े दस बजे रवाना होगी।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में कल से सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज राजभवन के अधिकारियों–कर्मचारियों ने ईमानदारी और पारदर्शिता की शपथ ली।

वहीं, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के पहले दिन कल मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने रेलवे के अधिकारियों–कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। सतर्कता जागरूकता सप्ताह दो नवंबर तक मनाया जाएगा।

## तीरंदाजी प्रतियोगिता

पंद्रहवीं ऑल इंडिया रेलवे तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन तीस अक्टूबर से रायपुर में किया जाएगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में देशभर के बारह रेलवे जोन की टीमों के शीर्ष तीरंदाज शामिल होंगे। इसमें रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाजी की स्पर्धाएं होंगी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ के वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी और वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग ने बताया कि यह प्रतियोगिता रायपुर, छत्तीसगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में तीरंदाजी खेल को बढ़ावा देने में कारगर साबित होगी।

## छठ पर्व–संपन्न

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में उगते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ आज चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ संपन्न हो गया। आज सुबह श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य दिया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनकी धर्मपत्नी कौशल्या साय ने जशपुर जिले के कुनकुरी के छठ घाट में उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया।

## दुर्घटना

सक्ती जिले के मालखरौदा थाना क्षेत्र के पोता गांव में बीती रात एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि, चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

पुलिस के मुताबिक कुसमुल गांव के छह लोग एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने कोरबा गए थे। वापसी के दौरान पोता गांव के पास उनकी चारपहिया वाहन अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर सभी लोगों को बाहर निकाला। लेकिन, चालक और एक बच्चे की डूबने से मौत हो चुकी थी। वहीं, चार अन्य घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मौजूदगी में आज जशपुर जिले के सन्ना पंडरापाठ में तीरंदाजी अकादमी स्थापित करने के लिए जिला प्रशासन और एनटीपीसी के बीच सहमति बनी है। यह परियोजना कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के तहत बीस करोड़ तिरपन लाख रुपए की लागत से एनटीपीसी द्वारा संचालित की जाएगी।

- उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कबीरधाम जिले के ग्राम बिरकोना स्थित शासकीय स्कूल से स्मार्ट क्लास रूम सुविधा का शुभारंभ किया।

- पच्चीसवीं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आज से अंबिकापुर में शुरू हो गई है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में दुर्ग, रायपुर, बस्तर, बिलासपुर और सरगुजा संभाग की टीमें भाग ले रही हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>